Australian Government
Australian Taxation Office

कार के खर्चे
बोनट के नीचे क्या है?

यदि आप कार्य के उद्देश्यों के लिए **अपनी** कार का उपयोग करते/करती हैं (यह आपकी अपनी कार अथवा किराया-खरीद समझौते के तहत पट्टे या किराए पर ली गई कार हो सकती है), तो आप **सेंट प्रति किलोमीटर विधि** या **लॉगबुक विधि** का प्रयोग करके कटौती के लिए दावा कर सकते/सकती हैं।

यदि आप अपनी कार का उपयोग निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए करते/करती हैं, तो आप कार के खर्चों के लिए कटौती का दावा कर सकते/सकती हैं:

- अपने कार्यस्थल के कर्तव्यों का पालन
- अपने सामान्य कार्यस्थल से दूर कार्य-संबंधी सम्मेलनों या बैठकों में प्रतिभाग
- रोजगार के लिए दो अलग-अलग स्थलों के बीच सीधे यात्रा, यदि इनमें से कोई भी स्थल आपका घर नहीं है
- अपने सामान्य कार्यस्थल से वैकल्पिक कार्यस्थल के लिए और फिर अपने सामान्य कार्यस्थल के लिए वापिस यात्रा
- अपने घर से वैकल्पिक कार्यस्थल के लिए और फिर अपने सामान्य कार्यस्थल के लिए यात्रा
- अलग-अलग स्थानों पर कार्य - जिसका अर्थ है कि आपके रोजगार के स्थानों में परिवर्तन होता रहता है (उदाहरण के लिए, आपने प्रत्येक दिन घर वापिस जाने से पहले नियमित रूप से एक से अधिक स्थलों पर कार्य किया है)।

याद रखें

- आप किसी भी अन्य तरीके से अपने निवास और कार्यस्थल के बीच आने-जाने के शुल्क के लिए कटौती का दावा नहीं कर सकते/सकती हैं, भले ही आप अपने सामान्य कार्यस्थल से बहुत दूर रहते/रहती हों या अपने सामान्य कार्यकाल के घंटों के बाहर कार्य करते/करती हों।
- आप कुछ सीमित परिस्थितियों में अपने घर और कार्यस्थल के बीच आने-जाने के शुल्कों का दावा कर सकते/सकती हैं, जब:
  - आपका घर आपके कार्य का आधार रहा है (यानि, आपको अपने घर पर कार्य शुरू करने और फिर उसी कार्य-नियोक्ता के लिए अपना कार्य जारी रखने के उद्देश्य से कार्यस्थल पर जाने की आवश्यकता हुई है)
  - आपने अलग-अलग स्थानों पर कार्य किया है (यानि, आपने प्रत्येक दिन घर वापिस जाने से पहले नियमित रूप से एक से अधिक स्थलों पर कार्य किया है)
  - आपको कार्य के लिए भारी औजार या उपकरण ले जाने की आवश्यकता हुई है और निम्नलिखित सभी शर्तें पूरी हुई
    - ये औजार या उपकरण आपके कार्य के कर्तव्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक थे और आप उन्हें केवल अपनी पसंद के रूप में लेकर नहीं गए/गई।
    - ये औजार या उपकरण भारी थे - जिसका अर्थ है कि आकार और भार के कारण उन्हें ले जाना कठिन था और उन्हें केवल मोटर वाहन का प्रयोग करके ही आसानी से ले जाया जा सकता था।
    - कार्यस्थल पर वस्तुओं का सुरक्षित रूप से भंडारण करने की सुविधा नहीं थी।
- यदि आपकी यात्रा आंशिक रूप से निजी रही है, तो आप इसमें से केवल कार्य से संबंधित हिस्से के लिए ही दावा कर सकते/सकती हैं।
- यदि आपके खर्चों की प्रतिपूर्ति की गई है, तो आप कटौती के लिए दावा नहीं कर सकते/सकती हैं।
- आप कार के खर्चों के लिए अपनी कटौती की गणना करने हेतु केवल एक ही विधि का उपयोग कर सकते/सकती हैं।
- यदि आप एक से अधिक कारों के लिए कार के खर्चों का दावा करते/करती हैं, तो आप प्रत्येक कार के लिए अपने खर्चों की गणना करने हेतु अलग-अलग विधियों का चयन कर सकते/सकती हैं।
- यदि आप सेंट प्रति किलोमीटर या लॉगबुक विधि का उपयोग करके कार्य से संबंधित कार के खर्चों के लिए दावा करते/करती हैं, तो आप उसी कार के लिए एक ही कर वापसी में किसी और कटौती के लिए दावा नहीं कर सकते/सकती हैं।
- यदि आप कार्य से संबंधित उद्देश्यों के लिए किसी अन्य व्यक्ति की कार का उपयोग करते/करती हैं, तो आप केवल अपनी कर वापसी के **कार्य से संबंधित यात्रा व्यय** अनुभाग में ही ईंधन जैसे वास्तविक खर्चों के लिए कटौती का दावा कर सकते/सकती हैं। अन्य लोगों के स्वामित्व या पट्टे के तहत ली गई कारों में सहजीवी, परिवार के सदस्य या कार्य-नियोक्ता शामिल हो सकते/सकती हैं। परंतु यदि आप स्वयँ को स्वामी या पट्टेदार प्रदर्शित कर सकने वाली कोई पारिवारिक या निजी व्यवस्था दिखा सकते/सकती हैं (चाहे आप पंजीकृत स्वामी न भी हो), तो आप लॉगबुक या सेंट प्रति किलोमीटर विधि का उपयोग करके अपनी कार के खर्चों की गणना कर सकते/सकती हैं।
- वाहन को कार नहीं माना जाएगा, यदि यह मोटरसाइकिल है या एक ऐसा वाहन है:
  - जिसकी वहन क्षमता एक टन या इससे अधिक है, जैसे यूट, ट्रक या वैन
  - नौ या इससे अधिक यात्रियों का परिवहन कर सकती है, जैसे मिनीवैन।

इन वाहनों के लिए आप केवल अपने कार्य से ही संबंधित यात्रा के वास्तविक खर्चों (जैसे ईंधन) के लिए कटौती का दावा कर सकते/सकती हैं। अपनी कर वापसी में **कार्य-संबंधी यात्रा व्यय** के स्वरूप में अपनी कटौती के लिए दावा करें। इन वाहनों के अपने कार्य से संबंधित उपयोग की आसान तरीके से गणना दिखाने के लिए हम एक लॉगबुक बनाकर रखने की सलाह देते हैं। आपको अपने सभी वास्तविक खर्चों का रिकॉर्ड भी रखना चाहिए।

- और अधिक जानकारी के लिए **ato.gov.au/travelexpenses** के वेबलिंक पर जाएँ।

आप अपने कार के खर्चों की गणना दो विधियों से कर सकते/सकती हैं

सेंट प्रति किलोमीटर विधि

- इस विधि का प्रयोग करके आप कार्य से संबंधित अधिकतम 5,000 किलोमीटरों का दावा कर सकते/सकती हैं।
- 2019-20 वित्तीय वर्ष के लिए आप 68 सेंट प्रति किलोमीटर का दावा कर सकते/सकती हैं (1 जुलाई 2020 से 72 सेंट प्रति किलोमीटर)।
- मूल्य में गिरावट, पंजीकरण और बीमा के साथ-साथ रख-रखाव, मरम्मत और ईंधन के शुल्क भी सेंट प्रति किलोमीटर दर में शामिल हैं। अपनी कटौती की गणना करते समय आप इन खर्चों को दर के अतिरिक्त नहीं जोड़ सकते/सकती हैं।
- आपको यह दिखाने में सक्षम होना चाहिए कि आपने अपने कार्य से संबंधित किलोमीटरों की गणना कैसे की (उदाहरण के लिए, कार्य से संबंधित यात्राओं के लिए डायरी रिकॉर्ड बनाकरके या अपनी कार्य यात्राओं का हिसाब रखने के लिए ATO ऐप (ATO app) में myDeductions टूल का उपयोग करके)।
- आपको इस बात का प्रमाण भी उपलब्ध कराना होगा कि आप कार के/की स्वामी हैं।

लॉगबुक विधि

- आपका दावा कार के प्रयोग की कार्य-संबंधी प्रतिशतता पर आधारित होता है।
- आप कार चलाने की लागत के खर्चों और मूल्य में गिरावट के लिए दावा कर सकते/सकती हैं।
- आप पूंजीगत लागतों के लिए दावा नहीं कर सकते/सकती हैं, जैसे अपनी कार खरीदने का मूल्य, कार खरीदने के लिए उधार पर ली गई धनराशि में निहित मूलधन और कार में कोई भी सुधार करने की लागतें (उदाहरण के लिए, सुरक्षात्मक पेंट और टिंट-युक्त खिड़कियाँ लगाना)।
- अपनी कार्य-संबंधी प्रतिशतता की गणना करने के लिए आपको एक लॉगबुक और लॉगबुक अवधि के आरंभ व अंत में ओडोमीटर की रीडिंग की आवश्यकता होगी। आपकी लॉगबुक अवधि में लगातार 12-सप्ताहों की एक प्रतिनिधिस्वरूप अवधि होना आवश्यक है।
- आप अपनी रसीदों का उपयोग करके ईंधन और तेल की लागतों के वास्तविक खर्चों के लिए दावा कर सकते/सकती हैं या फिर आप वर्ष के दौरान अपने कार के उपयोग की अवधि के आरंभ और अंत में रीडिंग दिखाने वाले ओडोमीटर रिकॉर्डों के आधार पर इन खर्चों की गणना कर सकते/सकती हैं।
- आपको कार से संबंधित अन्य सभी खर्चों के लिखित प्रमाणों की आवश्यकता होगी, जिनमें कार के स्वामित्व और वर्ष के दौरान कार के उपयोग की अवधि के आरंभ और अंत में ओडोमीटर रीडिंग के रिकॉर्ड शामिल हैं।

लॉगबुक बनाकर रखना

आपकी लॉगबुक में न्यूनतम रूप से लगातार 12 सप्ताहों की अवधि कवर होनी चाहिए। यदि आपने कार्य-संबंधी उद्देश्यों के लिए अपनी कार का प्रयोग वर्ष समाप्त होने से 12 सप्ताह पहले से कम अवधि के लिए किया है, तो आप इस 12-सप्ताह की अवधि को अगले वित्त वर्ष में विस्तारित कर सकते/सकती हैं।

आपकी 12-सप्ताह की लॉगबुक पांच वर्षों के लिए वैध होती है। परंतु यदि आपकी परिस्थितियों में परिवर्तन होता है (उदाहरण के लिए, यदि आप अपनी नौकरी बदलते/बदलती हैं या नए घर में स्थानांतरण करते/करती हैं) और वह लॉगबुक अब नई परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है, तो आपको एक नई 12-सप्ताह की लॉगबुक पूरी करनी होगी।

यदि आप दो या दो से अधिक कारों के लिए लॉगबुक विधि का उपयोग कर रहे/रही हैं, तो प्रत्येक कार के लिए एक लॉगबुक बनाकर रखें और यह सुनिश्चित करें कि वे दोनों एक ही अवधि को कवर करती हैं।

आप ATO ऐप (ATO app) में उपलब्ध myDeductions टूल के उपयोग से या फिर एक कागज की लॉगबुक बनाकर रख सकते/सकती हैं। आपको अपनी कार से संबंधित जो विवरण संग्रहीत करने की आवश्यकता है, उसका एक उदाहरण नीचे है।

कार के विवरण

कार की निर्माण-कंपनी का नाम: *Honda*	**मॉडल:** *GTX*	**इंजन क्षमता:** *2L*	**पंजीकरण सँख्या:** *ABC-987X*		
लॉगबुक अवधि के आरंभ में ओडोमीटर रीडिंग: *10,200km*			**लॉगबुक अवधि के अंत में ओडोमीटर रीडिंग:** *10,260km*		
यात्रा की आरंभ तिथि	**यात्रा के आरंभ में ओडोमीटर रीडिंग**	**यात्रा की समाप्ति तिथि**	**यात्रा की समाप्ति पर ओडोमीटर रीडिंग**	**यात्रा का कारण**	**चलाए गए कुल किलोमीटर**
27 August 2017	*10,200km*	*27 August 2017*	*10,210km*	*Private – take kids to school*	*10km*
27 August 2017	*10,210km*	*27 August 2017*	*10,230km*	*Private – travel to work*	*20km*
27 August 2017	*10,230km*	*27 August 2017*	*10,245km*	*Private – travel to work*	*15km*
27 August 2017	*10,245km*	*27 August 2017*	*10,260km*	*Business – return to office*	*15km*
27 August 2017	*10,260km*	*27 August 2017*	*10,280km*	*Private – travel to work*	*20km*

अपनी कार के कार्य-संबंधी उपयोग की गणना करें

(लगातार 12 सप्ताहों के लिए लॉगबुक का प्रयोग करने के बाद इस अनुभाग को पूरा करें।)

लॉगबुक अवधि (dd/mm/yy से dd/mm/yy)

a. लॉगबुक अवधि के दौरान चलाए गए **कुल** किलोमीटरों की गणना करें:

b. लॉगबुक अवधि के दौरान अनुमत कार्य-संबंधी यात्राओं के दौरान चलाए गए किलोमीटरों की गणना करें:

c. कार्य-संबंधी उपयोग की गणना के लिए **(b)** की राशि में **(a)** की राशि से भाग दें और फिर इस आकड़े को 100 से गुणा करें।

आपकी कार्य-संबंधी प्रतिशतता है:

अपनी कार्य-संबंधी प्रतिशतता की गणना करने के बाद इसे अपने कार के खर्चे से गुणा करके अपने दावे की गणना करें।

ATO ऐप (ATO app) में उपलब्ध myDeductions टूल का प्रयोग करके कार्य-संबंधी कार यात्राओं के साथ-साथ कार के खर्चों को भी रिकॉर्ड किया जा सकता है। कर के समय आप अपने एजेंट के साथ सीधे अपने myDeductions रिकॉर्ड साझा कर सकते/सकती हैं।

और अधिक जानकारी के लिए **ato.gov.au/mydeductions** वेबलिंक पर जाएँ।

यह केवल एक सामान्य सारांश है

और अधिक जानकारी के लिए किसी पंजीकृत कर-व्यावसायिक से बात करें या वेबलिंक **ato.gov.au/car** पर जाएँ।

NAT74998HIN-05.2020 DE-20272